रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127

REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 8] नई दिल्ली, बुधवार, जनवरी 6, 1988/पौष 16, 1909
No. 8] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 6, 1988/PAUSA 16, 1909

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भारतीय मानक ब्यूरो

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1988

अधिसूचना

सा० का० नि०10(ई)—भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 (1986 का 63) की धारा 38 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यकारिणी समिति, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् —

1 संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय मानक ब्यूरो (प्रमाणन) विनियम, 1988 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 परिभाषाएं—इन विनियमो मे, जब तक कि सदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "अधिनियम" से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 (1986 का 63) अभिप्रेत है;

(ख) "प्ररूप" से इन विनियमो से उपाबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है;

(ग) "नियम" से भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 1987 अभिप्रेत है ।

(घ) सभी अन्य शब्दो और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त है, और परिभाषित नही है, किन्तु अधिनियम या नियम मे परिभाषित है, वही अर्थ होगे जो अधिनियम या नियम मे है ।

अनुज्ञप्ति की मंजूरी और नवीकरण की रीति, शर्ते और फीस की दरे

3 अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने की रीति . (1) अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए प्रत्येक आवेदन, ब्यूरो को प्ररूप 1 में किया जाएगा ।

(2) अनुज्ञप्ति के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ एक विवरण होगा जिसमें निरीक्षण और परीक्षण की कोई ऐसी स्कीम विस्तृत रूप से दी जाएगी जिसे आवेदक चलाता है या जो प्रयोग में रही है या जिसे वह चलाने या प्रयोग में लाने का प्रस्ताव करता है और जो विनिर्माण या उत्पादन के दौरान, उस वस्तु या प्रसंस्करण की जिसके लिए अनुज्ञप्ति का आवेदन किया जाता है, क्वालिटी का विनियमन करने के लिए अभिकल्पित है।

(3) प्रत्येक आवेदन पर, किसी व्यष्टि की दशा में, आवेदक द्वारा या किसी फर्म की दशा में, फर्म के स्वत्वधारी, भागीदार या प्रबन्ध निदेशक द्वारा या फर्म की ओर से किसी घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का नाम और पदाभिधान, आवेदन प्ररूप में इस प्रयोजन के लिए पृथक रखे गए स्थान पर सुपाठ्य रूप से अभिलिखित किए जाएंगे।

(4) अनुज्ञप्ति के लिए प्रत्येक आवेदन, ब्यूरो द्वारा उसकी प्राप्ति पर, प्राप्ति की अधिमानता के क्रम में संख्यांकित किया जाएगा और उसकी प्राप्ति अभिस्वीकृत की जाएगी।

(5) ब्यूरो, किसी आवेदक से, उसके आवेदन में उसके द्वारा किए गए किसी कथन के समर्थन में या उसको सिद्ध करने के लिए किसी अनुपूरक जानकारी या दस्तावेजी साक्ष्य की, ऐसे समय के भीतर जो ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट किया जाए, मांग सकेगा और ऐसे निदेश के अनुपालन का प्रभाव ब्यूरो द्वारा आवेदन को संक्षिपतः अस्वीकार किया जाना होगा।

(6) अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन की प्राप्ति पर और अनुज्ञप्ति मंजूर करने के पूर्व, ब्यूरो—

(क) यह साक्ष्य पेश किए जाने की अपेक्षा कर सकेगा कि वह वस्तु या प्रसंस्करण जिसकी बाबत अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया गया है, संबंधित भारतीय मानक के अनुरूप हैं;

(ख) यह साक्ष्य पेश किए जाने की अपेक्षा कर सकेगा कि आवेदक के पास नैत्यिक निरीक्षण और परीक्षण की कोई स्कीम प्रवर्तन में है जिससे पर्याप्त रूप से यह सुनिश्चित हो सके कि सभी चिह्नित उत्पाद, भारतीय मानक के अनुरूप हैं;

(ग) ब्यूरो के निरीक्षण अधिकारी को, आवेदक के कार्यालय, कर्मशाला, परीक्षण प्रयोगशालाओं या गोदामों और किन्हीं अन्य परिसरों का निरीक्षण करने के लिए और खंड (क) या खंड (ख) या दोनों के अधीन आवेदक द्वारा पेश किए गए साक्ष्य के सत्यापन के प्रयोजन के लिए नमूना या नमूने लेने और उनका परीक्षण करने के लिए सभी युक्तियुक्त प्रसुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए अपेक्षा कर सकेगा;

(घ) खंड (क) के प्रयोजन के लिए, आवेदक को, ऐसे परीक्षण प्राधिकारी को जिसे ब्यूरो ठीक समझे, नमूने प्रस्तुत करने का निदेश दे सकेगा। परीक्षण का खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(ङ) खंड (ग) या खंड (घ) या दोनों के अधीन प्राप्त किसी रिपोर्ट के आधार पर, ब्यूरो, आवेदक से, परीक्षण और निरीक्षण की स्कीम में या उसके द्वारा प्रयुक्त विनिर्माण या उत्पादन के प्रसंस्करण में ऐसे परिवर्तन या परिवर्धन करने की अपेक्षा कर सकेगा जो ठीक समझे जाएं।

4. अनुज्ञप्ति की मंजूरी:—(1) यदि ब्यूरो का, प्रारंभिक जांच के पश्चात् यह समाधान हो जाता है कि आवेदक, मानक चिह्न का प्रयोग करने के लिए उपयुक्त है तो ब्यूरो, ऐसे निबंधनों और शर्तों के, जो इन विनियमों में विनिर्दिष्ट की जाएं, अधीन रहते हुए, आवेदक द्वारा विनिर्मित किसी वस्तु या वस्तुओं के वर्ग की बाबत या किसी विनिर्माण या संकर्म में नियोजित प्रसंस्करण की बाबत मानक चिह्न का प्रयोग प्राधिकृत करते हुए प्ररूप 2 में अनुज्ञप्ति मंजूर करेगा। ब्यूरो, अनुज्ञप्ति की मंजूरी के बारे में आवेदक को सूचित करेगा।

(2) अनुज्ञप्ति, सर्वप्रथम एक वर्ष की अवधि के लिए प्ररूप 2 में मंजूर की जाएगी। ब्यूरो, उस अवधि की जिसके लिए अनुज्ञप्ति मंजूर की गई थी, समाप्ति के कम से कम एक मास पूर्व अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए आवेदन पर उसका उतनी ही अवधि के लिए नवीकरण कर सकेगा। पश्चात्वर्ती अवधियों के लिए भी अनुज्ञप्ति का नवीकण, ब्यूरो द्वारा ऐसी ही रीति से किया जा सकेगा।

परन्तु यदि ब्यूरो, अन्य बातों के साथ-साथ, अनुज्ञप्तिधारी के कार्य संपादन के आधार पर ऐसा विनिश्चय करता है तो वह अनुज्ञप्ति का एक बार में एक वर्ष से अधिक, किन्तु दो वर्ष से अनधिक अवधि, के लिए नवीकरण कर सकेगा।

(3) ब्यूरो, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि के दौरान, अनुज्ञप्तिधारी को एक मास की सूचना देकर किसी ऐसे निबंधन और शर्त में, जिनके अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई थी, परिवर्तन कर सकेगा।

(4) जहां ब्यूरो की प्रारंभिक जांच के पश्चात यह राय है कि अनुज्ञप्ति मंजूर नहीं की जानी चाहिए वहां ब्यूरो, आवेदक को, स्वयं या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की मार्फत सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देगा और आवेदन को अस्वीकृत करने के पूर्व आवेदक की ओर से दिए गए किसी तथ्य या स्पष्टीकरण पर विचार कर सकेगा।

(5) जहां मानक चिह्न का प्रयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है वहां उसे अनुज्ञप्ति की विशिष्टियां विनिर्दिष्ट करते हुए, राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

(6) अनुज्ञप्ति का जब तक उसका नवीकरण नहीं किया जाता है या ब्यूरो द्वारा उसका नवीकरण आस्थगित नहीं किया जाता है, उस अवधि के जिसके लिए उसे मंजूर किया गया था, अंत होने पर पर्यवसान हो जाएगा।

(7) मानक चिह्न के प्रयोग के संबंध में इन विनियमों के अधीन ब्यूरो द्वारा जारी की गई सभी अनुज्ञप्तियों की विशिष्टियां एक रजिस्टर में प्रविष्ट की जाएंगी जिसे ब्यूरो द्वारा रखा जाएगा।

5. अनुज्ञप्ति की शर्तें—(1) मानक चिह्न को ऐसी रीति से लगाया जाएगा कि वहां उन वस्तुओं या उनके अवेष्टक पर या उन वस्तुओं से, जिन पर लेबल नहीं लगाया जा सकता है या जिन्हें आवेष्टित नहीं किया जा सकता है, संबंधित परीक्षण प्रमाणपत्रों पर सुगमता से दृश्यमान हो सके। मानक चिह्न केवल वस्तु के ऐसे प्रकारों, श्रेणियों, वर्गों, किस्मों, आकारों पर लगाया जाएगा जिनके लिए अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है। अनुज्ञप्तिधारी, अपने द्वारा प्रयोग किए जाने के लिए प्रस्तावित मानक चिह्न का प्रतिचित्रण ब्यूरो से अनुमोदित कराएगा।

(2) जब किसी वस्तु या प्रसंस्करण की बाबत मानक चिह्न विनिर्दिष्ट कर दिया जाता है तब विधिमान्य अनुज्ञप्ति का कब्जा रखने वाले अनुज्ञप्तिधारी से भिन्न कोई भी व्यक्ति किसी विज्ञापन, विक्रय उन्नयन पुस्तिका, कीमत सूची या वैसी ही अन्य वस्तु के माध्यम से यह लोक दावा नहीं करेगा कि उसका उत्पाद, सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप है या उस पर मानक चिह्न लगा है।

स्पष्टीकरण—इस उपविनियम के प्रयोजन के लिए, इस दावे के बारे में कि किसी विशिष्ट प्रश्न के उत्तर में या किसी व्यष्टिक ग्राहक को सम्बोधित निविदा में किसी व्यक्ति का उत्पाद भारतीय मानक के अनुरूप है, यह नहीं समझा जाएगा कि वह लोक दावा है।

(3) जब तक किसी वस्तु या प्रसंस्करण के लिए कोई मानक चिह्न विनिर्दिष्ट नहीं किया जाता है तब तक कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से यह दावा कर सकेगा कि वह उत्पाद या प्रसंस्करण भारतीय मानक के अनुरूप है परन्तु यह तब जब कि ऐसा उत्पाद या प्रसंस्करण वस्तुतः भारतीय मानक के अनुरूप हो।

(4) (क) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति में उपदर्शित परीक्षण और निरीक्षण की स्कीम के द्वारा उसके उत्पादन या प्रसंस्करण की क्वालिटी बनाये रखने के लिए नियंत्रण की प्रणाली ब्यूरो के समाधानप्रद रूप में, संस्थित करेगा और चलाएगा जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह वस्तु या प्रसंस्करण जिसकी बाबत मानक चिह्न का प्रयोग किया जा रहा है, सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप हो।

(ख) अनुज्ञप्तिधारी, ब्यूरो के समाधानप्रद रूप में यह स्थापित करने के लिए कि उत्पादन या प्रसंस्करण का अपेक्षित नियंत्रण किया गया है और संतोषजनक रूप से किया जा रहा है, परीक्षण और निरीक्षण का पूर्ण अभिलेख और परीक्षण और निरीक्षण के लिए स्कीम में विनिर्दिष्ट अन्य आंकड़े रखेगा ऐसे अभिलेख मांग पर निरीक्षक अधिकारी को निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

(5) (क) ब्यूरो द्वारा मंजूर की गई कोई अनुज्ञप्ति उसके द्वारा निलम्बित या रद्द की जा सकेगी, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि—

(i) अनुज्ञप्ति के अधीन मानक चिह्न से चिह्नित वस्तुएं संबंधित भारतीय मानक या मानकों के अनुरूप नहीं है, या

(ii) अनुज्ञप्तिधारी ने ऐसे प्रसंस्करण की बाबत चिह्न का प्रयोग किया था जो संबंधित भारतीय मानक या मानकों के अनुरूप नहीं है; या

(iii) अनुज्ञप्तिधारी, किसी निरीक्षक अधिकारी को उस पर अधिरोपित कर्तव्यों के निर्वहन में उसे समर्थ बनाने के लिए युक्तियुक्त प्रसुविधाओं की व्यवस्था करने में असफल रहा है; या

(iv) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति के किन्हीं निबंधन और शर्तों का अनुपालन करने में असफल रहा है।

(ख) ब्यूरो, किसी अनुज्ञप्ति को निलम्बित या रद्द करने के पूर्व अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति निलम्बित या रद्द करने के अपने आशय की कम से कम चौदह दिन की सूचना देगा।

(ग) ऐसी सूचना की प्राप्ति पर, अनुज्ञप्तिधारी, सूचना की प्राप्ति से सात दिन के भीतर अपनी ओर से ब्यूरो को स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकेगा। यदि कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाता है तो ब्यूरो स्पष्टीकरण पर विचार कर सकेगा और ऐसे स्पष्टीकरण की प्राप्ति से चौदह दिन के भीतर या सूचना की समाप्ति के पूर्व, इनमें से जो भी दीर्घतर हो, अनुज्ञप्तिधारी को सुनेगा।

(घ) यदि कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो ब्यूरो, सूचना की अवधि की समाप्ति पर अनुज्ञप्ति को निलम्बित या रद्द कर सकेगा।

(ङ) जहां कोई अनुज्ञप्ति निलम्बित या रद्द कर दी गई है या उसकी अवधि का उसकी विधिमान्यता की अवधि की समाप्ति पर नवीकरण नहीं किया गया है वहां अनुज्ञप्तिधारी, अधिनियम की धारा 16 के अधीन केन्द्रीय सरकार के समक्ष किसी अपील के लम्बित होते हुए भी, मानक चिह्न का प्रयोग तुरन्त बन्द कर देगा और यदि अनुज्ञप्तिधारी या उसके अभिकर्ताओं के पास स्टाक में ऐसी कोई वस्तु है जिसे अनुचित रूप से चिह्नित किया गया है तो, यथास्थिति, अनुज्ञप्तिधारी या उसके अभिकर्ता ऐसी वस्तुओं पर से मानक चिह्न हटाने, रद्द करने, विरूपित करने या मिटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

(6) जब कोई अनुज्ञप्ति निलम्बित या रद्द की गई है तब ब्यूरो, इस प्रकार निलम्बित या रद्द अनुज्ञप्ति की विशिष्टियां राजपत्र में प्रकाशित करेगा।

(7) (क) यदि, किसी समय, उत्पाद को विनिर्देश के अनुरूप बनाए रखने में कुछ कठिनाई होती है या परीक्षण उपस्कर खराब हो जाता है तब अनुज्ञप्तिधारी द्वारा, ब्यूरो को सूचना देते हुए, उत्पाद का चिह्नांकन रोक दिया जाएगा। चिह्नांकन, जैसे ही खराबी दूर कर दी जाती है, पुनः प्रारंभ किया जाएगा और ऐसे चिह्नांकन के पुनः प्रारंभ किए जाने की बाबत जानकारी तत्पश्चात् ब्यूरो को भेजी जाएगी।

(ख) यदि, किसी समय ब्यूरो के पास पर्याप्त साक्ष्य है कि मानक चिह्न लगा उत्पाद भारतीय मानक के अनुरूप नहीं हो सकता तब अनुज्ञप्तिधारी को ऐसे उत्पाद का चिह्नांकन रोक देने का निदेश दिया जाएगा। उत्पाद पर चिह्नांकन पुनः प्रारम्भ करने की अनुज्ञा ब्यूरो द्वारा अपना यह समाधान कर लेने के पश्चात् दी जाएगी कि अनुज्ञप्तिधारी ने कमी को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर ली है।

(8) विनियम 4 के उपविनियम (4) या विनियम 5 के उपविनियम (5) के अधीन ब्यूरो का विनिश्चय, ऐसे विनिश्चय के आधारों सहित, यथास्थिति, आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा लिखित रूप में संसूचित किया जाएगा।

(9) किसी आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी के विशेष अनुरोध पर किया गया कोई निरीक्षण, आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी के लेखे पर प्रभार्य होगा। ऐसे विशेष निरीक्षण या निरीक्षणों के लिए प्रभार वे होंगे जो ब्यूरो द्वारा विनिश्चित किए जाएं।

(10) जब कोई भारतीय मानक प्रत्याहृत किया जाता है और किसी अन्य भारतीय मानक द्वारा अधिक्रांत नहीं किया जाता है तब उसकी बाबत जारी की गई कोई अनुज्ञप्ति ऐसे भारतीय मानक के प्रत्याहरण की तारीख से रद्द की गई समझी जाएगी और कोई ऐसी अनुज्ञप्ति अनुज्ञप्तिधारी द्वारा तुरन्त ब्यूरो को अभ्यर्पित की जाएगी। ऐसी रद्द की गई अनुज्ञप्ति की दशा में, अनुज्ञप्ति की अपर्यवसित अवधि के प्रति आनुपातिक चिह्नांकन फीस का भाग, यदि अग्रिम रूप में संदत्त किया गया है, अनुज्ञप्तिधारी को लौटाया जा सकेगा।

(11) किसी वस्तु या प्रसंस्करण की बाबत निरीक्षण की दशा में, जहां उस वस्तु या प्रसंस्करण की बाबत मानक चिह्न के प्रयोग के लिए अनुज्ञप्ति जारी की गई है या अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया गया है, निम्नलिखित प्रक्रिया लागू होगी।

(क) जब निरीक्षक अधिकारी, आवेदक के परिसर का निरीक्षण करने के लिए प्रस्ताव करता है, तब वह अधिमानतः आवेदक को अपने दौरे की युक्तियुक्त सूचना देगा किन्तु किसी अनुज्ञप्तिधारी के परिसर के निरीक्षण के लिए ऐसी सूचना आवश्यक नहीं है।

(ख) यदि किसी निरीक्षण के दौरान, निरीक्षक अधिकारी किसी वस्तु, सामग्री या पदार्थ के एक या अधिक नमूने लेना चाहता है तो वह ऐसा, यथास्थिति, अनुज्ञप्तिधारी या आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी या आवेदक के स्थापन के जिम्मेदार व्यक्ति की उपस्थिति में करेगा;

(ग) निरीक्षक अधिकारी, स्वविवेकानुसार, दोहरे नमूने ले सकेगा और यदि अनुज्ञप्तिधारी या आवेदक या स्थापन का जिम्मेदार व्यक्ति ऐसी मांग करता है तो दोहरे नमूने लेगा और एक नमूना अनुज्ञप्तिधारी या आवेदक या ऐसे जिम्मेदार व्यक्ति को देगा;

(घ) निरीक्षक अधिकारी, स्वविवेकानुसार, प्रत्येक ऐसा नमूना आवेष्टक में रख सकेगा और यदि अनुज्ञप्तिधारी या आवेदक या स्थापन या जिम्मेदार व्यक्ति ऐसी मांग करता है तो प्रत्येक ऐसा नमूना आवेष्टक में रखेगा और प्रत्येक नमूने को संयुक्त रूप से मुहरबन्द करेगा। निरीक्षक अधिकारी द्वारा लिए गए ऐसे नमूनों की दशा में, जिन्हें इस प्रकार मुहरबन्द नहीं किया जा सकता है ऐसे नमूनों को उनकी पहचान बनाए रखने के लिए किसी पहचान चिह्नांकित किया जाएगा;

(ङ) मुहरों के छाप और पहचान के ब्यौरे निरीक्षक अधिकारी की रिपोर्ट में दिए जाएंगे। नमूनों पर लेबल लगाये जाएंगे जिन पर पूरे ब्यौरे दिए जाएंगे; और

(च) निरीक्षक अधिकारी लिए गए नमूना या नमूने की रसीद देगा और उस व्यक्ति द्वारा, जिसकी उपस्थिति में नमूना लिया गया था, सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित रसीद की दूसरी प्रति अपने पास रखेगा।

(12) निरीक्षक अधिकारी, गोदाम से या अनुज्ञप्तिधारी के किसी अभिकर्ता के किसी परिसर से या अनुज्ञप्तिधारी या उसके अभिकर्ता द्वारा खुले बाजार में विक्रय के लिए रखी गई वस्तुओं में से मानक चिह्न से चिह्नांकित वस्तुओं के नमूने ले सकेगा।

(13) ब्यूरो, प्रत्येक अनुज्ञप्ति की बाबत एक वर्ष में कम से कम दो निरीक्षणों के लिए इंतजाम करेगा।

(14) निरीक्षण अधिकारी अपने द्वारा किए गए प्रत्येक निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट ब्यूरो को देगा।

6. फीस—(1) किसी अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ पांच सौ रुपए की फीस और किसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ तीन सौ रुपए की फीस दी जाएगी। किसी भी स्थिति में, ऐसी फीस या उसका भाग लौटाया नहीं जाएगा।

(2) आवेदक द्वारा उपविनियम (1) के अधीन अपने आवेदन के साथ संदत्त आवेदन फीस के अतिरिक्त, प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी द्वारा निम्नलिखित का संदाय किया जाएगा:—

(i) पांच सौ रुपए वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस;

(ii) ब्यूरो द्वारा अवधारित दर पर और मानक चिह्न के अन्तर्गत आने वाली वस्तु या प्रसंस्करण के कुल वार्षिक उत्पादन की तत्स्थानी दर पर चिह्नांकन फीस या न्यूनतम फीस, इनमें से जो भी उच्चतर हो।

(3) चिह्नांकन फीस, समय-समय पर ब्यूरो द्वारा अवधारित की जाएगी और अनुसूची के रूप में राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी जिसमें उत्पाद या प्रसंस्करण के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रति यूनिट चिह्नांकन फीस दर्शित की जाएगी।

(4) प्रथम वर्ष के लिए वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस और न्यूनतम चिह्नांकन फीस का आवेदक द्वारा अनुज्ञप्ति की मंजूरी के समय संदाय किया जाएगा। तत्पश्चात अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन के समय, अनुज्ञप्तिधारी नवीकरण के ठीक पूर्ववर्ती अवधि के लिए देय चिह्नांकन फीस सहित वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस का जब तक अनुज्ञप्ति प्रभावी बनी रहती है, संदाय करेगा।

(5) अनुज्ञप्तिधारी, प्ररूप 2 की दूसरी अनुसूची में दी गई रीति से चिह्नांकन फीस का संदाय करेगा।

7. प्रमाणन से संबंधित अन्य सेवाएं :—(1) विनिर्माण या प्रसंस्करण यूनिटों में क्वालिटी आश्वासन पद्धति की मान्यता के लिए ब्यूरो, भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 1987 के नियम 13 के उपनियम (ग) के अधीन उपबंधित क्वालिटी आश्वासन सेवा प्रशासित करेगा। ऐसी क्वालिटी आश्वासन सेवा के निबंधन और शर्तें वे होंगी जो परस्पर तय पाई जाएं।

(2) ब्यूरो, भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 1987 के नियम 13 के उपनियम (क) के अधीन उपवर्णित कृत्यों को अग्रसर करने के लिए अन्य बातों के साथ साथ सांख्यिकीय क्वालिटी नियंत्रण तकनीकों के, जिनका उद्देश्य डिजाइन विकास, प्रसंस्करण नियंत्रण और प्रसंस्करण क्षमता आदि में सुधार लाना है, उपयोजन के लिए सेवाओं की व्यवस्था करेगा। ऐसी सेवाएं, ब्यूरो द्वारा नियत की गई शर्तों के अनुसार समूहों में, या विनिर्माण या प्रसंस्करण यूनिटों में आंतरिक क्वालिटी सुधार के लिए प्रदान की जाएगी।

## प्ररूप 1

(विनियम 3 देखिए)

**भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986**

**के अधीन**

**मानकचिह्न का प्रयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन**

महानिदेशक
भारतीय मानक ब्यूरो
मानक भवन
9, बहादुरशाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002

1. *मैं/हम, जो ............................................................ (व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) के नाम से ............................................................ (कारबार का पूरा पता) में कारबार चला रहा हूं/रहे हैं, ऐसी वस्तु/प्रसंस्करण की बाबत, जो नीचे सूचीबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप हैं, मानक चिह्न का प्रयोग करने के लिए, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के अधीन अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करता हूं/करते हैं :—

(क) **वस्तु ........................................

प्रकार ........................................

आकार ........................................

श्रेणी ........................................

संबंधित भारतीय मानक ........................................

(ख) **प्रसंस्करण ........................................

........................................

संबंधित भारतीय मानक ........................................

भा. मा ........................................ अभिनाम

भा.मा. ........................................ अभिनाम ..........

---

*जो लागू न हो उसे काट दीजिए।

**(क), (ख) के अधीन दो मदों में से केवल एक मद एक आवेदन के अन्तर्गत आए; दूसरी मद को काट दीजिए।

2. ............................................................................ (पता) में स्थित परिसर में ............................................................ (कारखाने का नाम) द्वारा उपरोक्त वस्तु का विनिर्माण किया जाता है/उपरोक्त प्रसंस्करण चलाया जाता है।

3. (क) मेरी/हमारी फर्म के शीर्ष प्रबंधतंत्र को संरचना निम्न प्रकार है :

| क्रम सं. | नाम | पदाभिधान |
|---|---|---|

(ख) मैं/हम उपरोक्त संरचना में किसी परिवर्तन की, जैसे ही वह होता है, बोर्ड को सूचना देने का वचन देता हूं/देते है।

4. मैं/हम फर्म या सोसाइटियों के रजिस्ट्रार/(लघु यूनिटों की दशा में) उद्योग निदेशक द्वारा जारी किए गए निगमन प्रमाण पत्र या फर्म के नाम और उसके विनिर्माण परिसर को अधिप्रमाणित करने वाली वैसी ही अन्य दस्तावेजों की अनुप्रमाणित प्रति/फोटो प्रति संलग्न करता हूं/करते है।

5. (क) मेरा/हमारा कारखाना संलग्न सूची में उल्लिखित मशीनों, औजारों आदि से सज्जित है।

(ख) मेरे/हमारे पास संलग्न सूची के अनुसार और भा. मा ........................ के अनुसार परीक्षण इंतजाम है।

या

भा. मा ............................ के अनुसार निम्नलिखित परीक्षण इंतजाम अभी किए जाने है।

..........................................

..........................................

..........................................

(ग) नियोजित तकनीकी कार्मिकों के ब्यौरे :

| क्रम सं. | नाम | अर्हता | कार्य |
|---|---|---|---|

6. (क) मेरे/हमारे द्वारा प्रयुक्त व्यापार चिह्न/ब्रांड नाम निम्नलिखित हैं :

..........................................

..........................................

(ख) मैं/हम निम्नलिखित व्यापार चिह्न/ब्रांड नाम पर भा. मा. सं. चिह्न लगाना चाहता हूं/चाहते हैं :

..........................................

..........................................

(ग) भा. मा. सं. प्रमाणन चिह्न के अन्तर्गत लाए जाने के लिए प्रस्तावित व्यापार चिह्न/ब्रांड नाम का रजिस्ट्रीकरण सं. और तारीख :

..........................................

..........................................

या

अरजिस्ट्रीकरण की दशा में, मैं/हम व्यापार चिह्न/ब्रांड नाम के समर्थन में प्रचार/पैकिंग सामग्री, आदि के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करता हूं/करते हैं।

$\frac{\text{वस्तु}}{\text{प्रसंस्करण}}$

7. उक्त ——— के उत्पादन आंकड़े और उसका मूल्य, मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी और प्राक्कलन के अनुसार निम्नलिखित हैं :

| वर्ष | उत्पादन | यूनिट | मूल्य रु. |
|---|---|---|---|
| पिछला वर्ष ............... से<br>......... तक | | | |
| चालू वर्ष ...................... से<br>............ तक (प्राक्कलन) | | | |

8. संबंधित भारतीय मानक ............ से उक्त ——— वस्तु / प्रसंस्करण

की अनुरूपता सुनिश्चित करने की दृष्टि से—

*मैं/हम इससे संलग्न विवरण में उल्लिखित निरीक्षण और परीक्षण की स्कीम का प्रयोग कर रहा हूं/कर रहे हैं/प्रयोग करने का प्रस्ताव करता हूं/करते हैं। सभी निरीक्षणों और परीक्षणों के नैत्यिक अभिलेख, विवरण में दिए गए प्ररूप में रखे जा रहे हैं/रखे जाएंगे। मैं/हम अपनी निरीक्षण और परीक्षण की स्कीम का, उस स्कीम के अनुरूप बनाने के लिए जो आपके द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाए, उपांतरण, संशोधन या परिवर्तन करने का भी वचन देता हूं/देते हैं।

*मेरी/हमारी इस समय कोई भी निरीक्षण/परीक्षण की स्कीम प्रवर्तन में नहीं है। किंतु मैं/हम किसी ऐसी स्कीम को, जिसको ब्यूरो द्वारा सिफारिश की जाए, प्रवर्तन में लाने का वचन देता हूं/देते हैं।

9. मैं/हम अनुज्ञप्ति के मंजूर किए जाने की तारीख से लागू ऐसी मूल्यांकन फीस का संदाय करने के लिए सहमत हूं/हैं, जो ब्यूरो द्वारा विहित की जाए और जो मेरे/हमारे द्वारा करार पाई जाए।

10. यदि ब्यूरो द्वारा कोई प्रारंभिक जांच की जाए तो, मैं/हम ब्यूरो को अपने अधिकार में की सभी युक्तियुक्त सुविधाएं देने का वचन देता हूं/देते हैं और मैं/हम, उक्त जांच के सभी खर्चों का, जिनके अन्तर्गत परीक्षण प्रभार है, जैसे ही और जब ब्यूरो द्वारा अपेक्षा की जाए, संदाय करने के लिए सहमत हूं/हैं।

मैं/हम यह अनुरोध करता हूं/करते हैं कि मेरे/हमारे कारखाने का प्रारंभिक निरीक्षण ........................ (यहां तारीख लिखें) तक कर लिया जाए।

या

मैं/हम प्रारंभिक जांच करने के लिए उपयुक्त समय, तारीख आदि, जैसे ही ऐसी वस्तु का, जिसके लिए आवेदन किया गया है, उत्पादन प्रारम्भ कर दिया जाता है, सूचित करूंगा/करेंगे और मैं/हम नमूने लिए जाने के लिए तैयार हूं/हैं।

11. (क) यह प्रमाणित किया जाता है कि इसके पूर्व मैंने/हमने आवेदन किया था और आवेदन सं ............... था जो ............................... के कारण अनुज्ञप्ति के रूप में परिपक्व नहीं हुआ था।

(ख) यह प्रमाणित किया जाता है कि इसके पूर्व मेरे/हमारे पास सीएम/एल सं ........................... था जो ............................... के कारण ब्यूरो के पत्र सं ..............................., तारीख ........................ द्वारा व्यपगत हो गया था/रद्द कर दिया गया था।

12. मैं/हम वचन देता हूं/देते हैं कि यदि आवेदन प्ररूप में ऊपर दी गई कोई जानकारी गलत पाई जाए तो आवेदन तुरन्त नामंजूर कर दिया जाए।

13. यदि अनुज्ञप्ति मंजूर कर दी जाती है और जब तक वह प्रवर्तन में रहती है और तब तक मैं/हम वचन देता हूं/देते हैं कि अनुज्ञप्ति के सभी निबंधनों और शर्तों का तथा पूर्वोक्त अधिनियम के अधीन विहित नियमों और विनियमों का पालन करूंगा/करेंगे। अनुज्ञप्ति के निलंबित या रद्द कर दिए जाने की दशा में, मैं/हम यह भी वचन देता हूं/देते हैं कि मैं/हम अनुज्ञप्ति के अन्तर्गत आने वाली किसी वस्तु पर मानक चिह्न का प्रयोग करना तात्कालिक प्रभाव से बंद कर दूंगा/कर देंगे और सभी सुसंगत विज्ञापन सामग्री को वापस ले लूंगा/ले लेंगे तथा ऐसी अन्य कार्रवाई करूंगा/करेंगे जो पूर्वोक्त नियमों और विनियमों के उपबंधों के पालन के लिए आवश्यक है।

तारीख ..........................

हस्ताक्षर ................

नाम ..................

पदाभिधान ..............

.........................

(फर्म का नाम)

के लिए और उसकी ओर से

फर्म की मुद्रा

प्ररूप 2

(विनियम 4 देखिए)

भारतीय मानक ब्यूरो

मानक चिह्न का प्रयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति

अनुज्ञप्ति सं. सी एम/एल—

1. ब्यूरो, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 (1986 का 63) द्वारा उसे प्रदत्त शक्तियों के आधार पर, ...................................................................... को (जिसे इसमें इसके पश्चात् "अनुज्ञप्तिधारी" कहा गया है) इसकी पहली अनुसूची के पहले स्तम्भ में उल्लिखित मानक चिह्न का प्रयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करता है। इस मानक चिह्न का प्रयोग ऐसी वस्तु पर/प्रसंस्करण के संबंध में किया जाएगा जिसका उल्लेख उक्त अनुसूची के दूसरे स्तम्भ में किया गया है। यह वस्तु/प्रसंस्करण समय-समय पर संशोधित या पुनरीक्षित उक्त अनुसूची के तीसरे स्तम्भ में निर्दिष्ट संबंधित भारतीय मानक के अनुसार विनिर्मित किया जाएगा/उसके अनुरूप होगा।

2. इस अनुज्ञप्ति के साथ वे अधिकार और बाध्यताएं हैं जो उक्त अधिनियम के अधीन बनाए गए विनियमों में बताई गई हैं। अनुज्ञप्तिधारी अपनी बाध्यताओं का अनुसरण करते हुए, इसकी दूसरी अनुसूची में उल्लिखित अनुसूचित चिह्नांकन फीस सम्यक् रीति से और नियत समय पर देगा तथा परीक्षण और निरीक्षण की उस स्कीम को जो इससे संलग्न है, ब्यूरो के समाधानप्रद रूप में चलाएगा।

3. यह अनुज्ञप्ति ........................................ से ........................ तक विधिमान्य रहेगी और इसका विनियमों में विहित रूप में नवीकरण किया जा सकेगा।

आज तारीख ........................ को हस्ताक्षरित और मुद्रांकित

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से

पहली अनुसूची

| मानक चिह्न | वस्तु/प्रसंस्करण | भारतीय मानक |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |

दूसरी अनुसूची

अनुज्ञप्ति सं. सी एम/एल— ........................................ के लिए चिह्नांकन फीस की अनुसूची

| वस्तु/प्रसंस्करण | यूनिट | प्रति यूनिट चिह्नांकन फीस | संदाय की रीति |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | | | (क) एक प्रवर्तनशील वर्ष के लिए न्यूनतम चिह्नांकन फीस अग्रिम रूप से देय होगी, जो अगले नवीकरण (नवीकरणों) के लिए आगे ले जाई जाएगी। |
| | | | (ख) प्रवर्तनशील अवधि के पहले नौ मास के लिए चिह्नांकित उत्पादन पर यूनिट दर पर संगणित वास्तविक चिह्नांकन फीस या न्यूनतम फीस, इनमें से जो भी अधिक हो, अनुज्ञप्ति के प्रथम नवीकरण के समय दिल्ली/नई दिल्ली में देय होगी। पश्चात्वर्ती नवीकरणों के लिए बारह मास की अवधि के लिए, जिसमें पूर्वतन प्रवर्तनशील अवधि के अंतिम तीन मास और चालू प्रवर्तनशील अवधि के पहले नौ मास सम्मिलित हैं वास्तविक चिह्नांकन फीस या न्यूनतम फीस, इनमें से जो भी अधिक हो, देय होगी। |

[सं. बीआईएस/ईसी (आरईजी)/6]

कि. रा. परमेश्वर, महानिदेशक

BUREAU OF INDIAN STANDARDS

New Delhi, the 6th January, 1988

NOTIFICATION

G.S.R. 10 (E).—In exercise of the powers conferred by section 38 of the Bureau of Indian Standards Act, 1986 (63 of 1986), the Executive Committee of the Bureau of Indian Standards, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely :—

1. Short title and commencement :—(1) These regulations may be called the Bureau of Indian Standards (Certification) Regulations, 1988.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions :—In these regulations, unless the context otherwise requires ;

(a) "Act" means the Bureau of Indian Standards Act, 1986 (63 of 1986) ;

(b) "Form" means a form annexed to these regulations ;

(c) "rules" means the Bureau of Indian Standards Rules, 1987 ;

(d) all other words and expressions used in the regulations and not defined but defined in the Act or the rules shall have the meanings respectively assigned to them in the Act and the rules.

MANNER, CONDITION AND RATES OF FEE FOR GRANT AND RENEWAL OF LICENCE

3. Manner of applying for licence.—(1) Every application for the grant of a licence shall be made to the Bureau in Form I.

(2) Every application for a licence shall be accompanied by a statement furnishing in detail any scheme of inspection and testing, which the applicant maintains or has been in use or proposes to maintain or to put into use and which is designed to regulate, during the course of manufacture or production, the quality of the article or process for which the licence is applied for.

(3) Every application shall be signed in the case of an individual, by the applicant or, in the case of a firm, by the proprietor, partner or the managing director of the firm or by any other person authorised to sign any declaration on behalf of the firm. The name and designation of the person signing the application shall be recorded legibly in the space set apart for the purpose in the application form.



(4) Every application for a licence shall, on receipt by the Bureau, be numbered in order of priority of the receipt and be acknowledged.

